**प्रेस नोट संख्या- 16**
**दिनांक 14.10.2025**

# सराहनीय कार्य थाना मुसाफिरखाना

## अवैध पटाखा भण्डारण एवं बिक्री करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कुल 22 बोरियों में 10000 अनार, 8000 मसताब, 5000 सुतली बम व 12 कार्टन में विभिन्न कम्पनियों के 12000 पैकेट भारी मात्रा में अवैध पटाखे अतिशबाजी वजन लगभग 10 कुंतल (अनुमानित कीमत 12,00,000/- रुपये) बरामद ।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 14.10.2025 को थाना मुसाफिरखाना पुलिस देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे क्रासिंग दादरा रोड के आगे गली में कपिल के मकान के अन्दर कुछ लोग पटाखों का भण्डारण किये हुए हैं तथा बेचते भी हैं। उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा भण्डारण किये हुए 01 अभियुक्त कपिल कुमार पुत्र जगप्रसाद निवासी वार्ड नं01 न0पं0 मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 39 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। 11 प्लास्टिक की बोरियों व 02 जूट की बोरियों में 10000 अनार, 04 प्लास्टिक की बोरियों में 8000 मसताब, 05 प्लास्टिक की बोरियों में 5000 सुतली बम व 12 अदद कार्टन में विभिन्न कम्पनियों के 12000 पैकेट पटाखे, अतिशबाजी के साथ गिरफ्तार किया गया। पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा न सका। थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त कपिल कुमार ने बताया कि वह व उसके पड़ोसी 1.अब्दुल गफ्फार उर्फ चमरू पुत्र नवाब अली, 2.कयूम अली पुत्र नवाब अली, 3.खलील अहमद पुत्र नवाब अली निवासीगण वार्ड नं01 न0पं0 स्टेशन एरिया मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी दीपावली में पटाखें बेचने के लिये लाये थे तथा सुतली बम का निर्माण वह सब लोग स्वयं मिलकर करते है। जिसे उसके बन्द पड़े मकान में रख दिया था और चोरी चुपके बेच भी रहे थे। अभी मौके से यहीं तीनों उपरोक्त व्यक्ति भाग गये हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

- कपिल कुमार पुत्र जगप्रसाद निवासी वार्ड नं01 न0पं0 मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 39 वर्ष।

**बरामदगी-**

- 11 प्लास्टिक की व 02 जूट की बोरियों में कुल 10000 अनार, 04 प्लास्टिक की बोरियों में कुल 8000 मसताब, 05 प्लास्टिक की बोरियों में कुल 5000 सुतली बम व 12 कार्टन में विभिन्न कम्पनियों के 12000 पैकेट पटाखे, अतिशबाजी वजन लगभग 10 कुंतल।(अनुमानित कीमत 12,00,000/- रुपये)

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 263/25 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0, 5/9B विस्फोटक पदार्थ अधि0 व 288, 125 बीएनएस थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री विवेक सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 सौरभ सिंह यादव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 राजेश कुमार दीक्षित थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
4. हे0का0 कुलदीप अवस्थी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
5. हे0का0 नीरज यादव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
6. का0 सुघर सिंह यादव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
7. का0 रुपेश यादव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
8. का0 शिवम सविता थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
9. का0 विकास राय थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।